nt>

Title: Regarding need to provide basic facilities to the people living around Atomic Power Plant in Mandvi Parliamentary Constituency, Gujarat − Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी): मेरे संसदीय क्षेत्र मांडवी में अणु विद्युत प्लांट है। जब यह प्लांट बना तो यह निर्णय लिया गया कि इस प्लांट के दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को बुनियादी सुविधायें जैसे बुनियादी शिक्षा, रोड एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराई जाएगी, परंतु इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने में इस प्लांट ने नियमों के अनुरूप कार्य नहीं किया है, जिसके कारण यहां के लोगों में काफी रोा है।

सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि नियमों के अनुरूप अणु विद्युत प्लांट के दस किलोमीटर के दायरे में आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करवायें।